**आकाशवाणी शिमला**

**15.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**हिमाचल दिवस**

आज 78वां हिमाचल दिवस है। इस मौके पर राज्यस्तरीय समारोह चम्बा जिले की जनजातीय पांगी घाटी के मुख्यालय किलाड़ में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। उन्होंने ध्वजारोहण किया और पुलिस, होमगार्ड, स्कूली बच्चों और अन्य टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी इस मौके मौजूद रहे। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को हिमाचल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी स्थापना बाद से हिमाचल ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है और ये प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के कर्मचारियों को 3 फीसदी महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किशत जून महीने में जारी करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में राज्य सरकार ने 14 फीसदी महंगाई भत्ते की किशत जारी की है। मुख्यमंत्री ने पांगी घाटी की महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि योजना के तहत अप्रैल, मई व जून महीने की तीन किशतें एक साथ जारी करने सहित पांगी घाटी के लिए अनेक घोषणाएं की।

मुख्यमंत्री ने साच को सब तहसील बनाने का ऐलान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि तिंदी से शोर तक बिजली लाईन को दुरूस्त करने के लिए 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया जाएगा और शोर से किलाड़ तक बिजली लाईन बिछाने के लिए 45 करोड़ रूपए दिए जाएंगे। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पांगी घाटी के सभी किसानों को जौ की प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया और उनसे 60 रूपए प्रति किलो की दर से जौ खरीदने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पांगी में प्रदेश का पहला प्राकृतिक खेती सब डिविजन खोला जाएगा। मुख्यमंत्री ने सिविल अस्पताल किलाड़ को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाने, होमस्टे का काम करने वालों की पंजीकरण फीस 50 फीसदी कम करने, पांगी में 10 हजार लीटर के दुग्ध प्रौसेसिंग यूनिट खोलने, घाटी में बेहतर शिक्षा के लिए राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल की स्थापना करने और पांगी की आंतरिक सड़कों के लिए 3 करोड़ रूपए देने की घोषणा भी की। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन सेवाएं देने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया।

**समारोह–मण्डी**

मण्डी का जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह एतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित किया गया जहां उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किए। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि मण्डी जिले में शानन जलविद्युत परियोजना हिमाचल की है और ये प्रदेश को मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि शानन को पंजाब से वापिस लेने की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है।

**समारोह–शिमला**

शिमला में एतिहासिक रिज मैदान पर भी जिला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की धूम रही। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनकल्याण व व्यवस्था परिवर्तन के साथ नए युग का सूत्रपात हुआ है और वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि चुनाव के दौरान दी गई 10 गारंटियों में से सरकार ने 6 गारंटियां पूरी कर दी हैं। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

**उद्यान उत्सव**

राजधानी शिमला के समीप स्थित राष्ट्रपति निवास मशोबरा में आज से 20 अप्रैल तक उद्यान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रपति निवास में प्रवेश निशुल्क रखा गया है। राष्ट्रपति निवास मशोबरा के प्रबंधक संजू डोगरा ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक लोग राष्ट्रपति निवास आ सकते हैं। उन्होंने शिमला के लोगों और खासकर विभिन्न राज्यों से आने वाले पर्यटकों से इस दौरान राष्ट्रपति निवास आकर प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने का आग्रह किया है।

---